आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

जगत प्रकाश नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज सोलन जिला भाजपा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों के साथ भारतीय सेना के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। जगत प्रकाश नडडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में भारत के वीर जवानों के शौर्य की गौरवगाथा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश को जोड़ने के साथ–साथ हमें राष्ट्र सेवा में स्वयं को समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है। जे.पी.नडडा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हिमाचल वासियों की ओर से भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, सांसद सुरेश कश्यप, सिकंदर कुमार और प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश के निरंतर प्रयासों और आतंकवाद के विरूद्ध भारत के सैद्धांतिक दृढ रवैये के अनुरूप सांसदों वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपने आउटरीच कार्यक्रम के साथ विभिन्न देशों की यात्रा पर हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद और इसके सभी रूपों को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के सशक्त संदेश का प्रसार कर रहे हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लाइबेरिया में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। इस चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद और इसके सभी रूपों से मुकाबले के प्रति भारत की एकजुट राष्ट्रीय भावना और समेकित राजनीतिक इच्छा से भारतीय समुदाय के सदस्यों को अवगत करवाया। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में समर्थन प्राप्त हुआ। श्रीकांत शिंदे ने कहा कि चार से पांच दशकों तक आतंकवाद के विरूद्ध लडाई के बावजूद भारत अभी भी प्रौद्योगिकी में एक बडी शक्ति है।

*भारत बहुत कैपेबल है। आज हम चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। आने वाले समय में तीसरी बडी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। टेरेरिज्म के खिलाफ भी भारत ने इतने सालों तक लडाई लडी लेकिन ये लडाई भारत और पाकिस्तान के बीच में हैए या भारत और टेरेरिज्म के बीच में है। ये लडाई अभी पूरे विश्व में धीरे-धीरे*

*फैल रही हैए तो पूरे विश्व को जागरूक करना जरूरी हैए पूरे विश्व को संस्टाईज करना जरूरी है। इसलिए नरेन्द्र मोदी जी ने हमे यहां भेजाए इतनी दूर भेजा।*

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान बड़ू में नवनियुक्त वन मित्रों के साथ आयोजित संवाद समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रदेश के 2 हजार 61 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना और मुख्यमंत्री ग्रीन एडॉप्शन योजना का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों का क्षेत्र बहुत बड़ा है और इन्हें सुरक्षित रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वनों के संरक्षण के उददेश्य से प्रदेश के हर बीट में एक वन मित्र की तैनाती की योजना बनाई गई है, इससे जहां वनों की रक्षा होगी वहीं युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।

इस दौरान पूर्व भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की संपदा को लुटाया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार कठिन वित्तीय स्थिति के बावजूद अर्थव्यवस्था के सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रही है और पिछले लगभग अढ़ाई साल के कार्यकाल के दौरान सरकार ने करीब तीन हजार करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

---